# *प्रेस विज्ञप्ति*

## *कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज-दिनांक- जून 05, 2021*

***यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग*-** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 185 वाहनों का चालान किया गया। व 02 वाहनो से 600/ रूपया शमन शुल्क वसूला गया।

***कोरोना महामारी के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर *मास्क न लगाने वाले कुल- 33 व्यक्तियों से 33000/- रुपये शमन शुल्क* वसुला गया।

***शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही*-** जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 16 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

***आबकारी अधिनियम में की गयी कार्यवाही*-**

***थाना पुरन्दरपुर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्त विनोद कुमार चौरसिया पुत्र रामजतन नि0 तिकोनिया थाना पुरन्दरपुर के कब्जे से 20 ली0 कच्ची शराब बरामद कर कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-119/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना बृजमनगंज पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्तगण 1. बसन्त पुत्र दशरथ नि0 हथियागढ़ थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज के कब्जे से 20 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-139/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
2. मनिराम पुत्र नन्दू नि0 ढेहा थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज के कब्जे से 20 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-140/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना कोठीभार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्ता गिरजा देवी पत्नी मुन्ना नि0 दुर्गबलिया थाना कोठीभार जनपद महराजगंज के कब्जे से 17 शीशी अवैध देशी शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-97/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***विवेचनाओं का निस्तारण*-** पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल-18 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

***जनपद में 04-05-06-2021 को विभिन्न अपराधों में कुल- 20 अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।***